उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.08.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा/कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.08.2023 को श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सनय कुमार, चौकी प्रभारी सुभाष व उ0नि0 शेरेआलम खाँ, चौकी प्रभारी मनियादेव के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने झलकारी बाई तिराहे के पास से चेकिंग के दौरान अभियुक्त आरिफ खान पुत्र साकिर खान निवासी समदनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया, अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 02 अदद 12 बोर जिन्दा कारतूस नाजायज बरामद हुए, अभियुक्त उपरोक्त से हुई बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0-393/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

आरिफ खान पुत्र साकिर खान उम्र करीब 26 वर्ष निवासी समदनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**बरामदगीः-** 01 अदद तमंचा 12 बोर मय दो अदद 12 बोर जिन्दा कारतूस नाजायज

### गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक विवरण-

1. मु0अ0सं0- 393/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली महोबा
2. मु0अ0सं0 21/17 धारा 379/411 भादवि0 थाना चरखारी जनपद महोबा
3. मु0अ0सं0 22/17 धारा 379/411 भादवि0 थाना चरखारी जनपद महोबा
4. मु0अ0स0 48/17 धारा 3(1) गैगेस्टर एकट थान चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी सुभाष 2. उ0नि0 शेरेआलम खाँ प्रभारी चौकी मनियादेव 2. हे0का0 श्याम यादव



# थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में दिनांक 24.08.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा द्वारा गठित की गयी उ0नि0 विवेक कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तलाश वाँछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सीताराम पुत्र रामनाथ पाल उम्र करीब 40 वर्ष सम्बन्धित माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश महोबा के द्वारा जारी वारण्ट केश नं0- 15/2022 अप0सं0- 461/2018 धारा 307/504/506 भादवि से सम्बन्धित गैरजमानतीय वारण्टी अभियुक्त को ग्राम छिकहरा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त विवरणः-

सीताराम पुत्र रामनाथ पाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम छिकहरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 विवेक कुमार यादव थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
2. कां0 शिवबाबू



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.08.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर अपराध से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल पर चलाया जा रहा है- "ऑपरेशन ज्ञान कवच"-

### जनपदीय साइबर सेल की पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न स्थानो में भ्रमण कर साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के प्रति स्थानीय लोगों को किया जागरुक-

बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा की पहल पर साइबर अपराध से बचाव हेतु अभियान **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** चलाया जा रहा है, ऑपरेशन ज्ञान कवच अभियान के तहत आज दिनांक 25.08.2023 को श्री रवि कुमार सिंह, प्रभारी साइबर/सर्विलांस सेल के नेतृत्व में जनपदीय साइबर सेल पुलिस टीम (कां. भूपेन्द्र सिंह, कां. अंशुल दूबे, कां. शैलेन्द्र प्रताप सिंह व कां. सत्यम सिंह) द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत क्रमशः सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नेहरू इंटर कॉलेज व कस्बा बजरिया **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** अभियान के अन्तर्गत साइबर जगरुकता चौपाल का आयोजन कर विद्यालयों में छात्र- छात्राओं एवं आमजनमानस के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** अभियान के तहत जागरुक कर बताया गया कि साइबर अपराध में डेविड कार्ड एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी इनाम इत्यादि संबंधित लिंक भेजने संबंधित फ्रॉड और ओलेक्स, शॉपिंग ऐप्स संबंधित अपराध, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड संबंधित, गूगल पर गलत कस्टमर केयर नंबर खोजने एवं फेसबुक व व्हाट्सएप संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत ढंग से बताया गया एवं कैसे इन अपराधों से बचा जाए। उन तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व आस-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक करें।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in /साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।









## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपदीय पुलिस लाइन एवं थानों में चल रहे निर्माणकार्य प्रगति की समीक्षा कर संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 25.08.2023 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में पुलिस लाइन महोबा सहित जनपद के विभिन्न थानों में चल रहे वृहद एवं लघु निर्माण कार्यों के प्रगति से सम्बन्ध में समीक्षा की गयी, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर तथा थानों में नवनिर्मित भवनों के निर्माण कार्य को कराने वाली लोक निर्माण विभाग/कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों से वार्ता कर निर्माण कार्यो के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी, जिसके क्रम में उन्हें निर्माण कार्य को मानक के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण तरीके से अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गये।

इस दौरान श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर, श्री शिवकुमार-प्रतिसार निरीक्षक, श्रीमती शशि तोमर-प्रधान लिपिक, श्री जाकिर हुसैन-आशुलिपिक पु.अ., सुनील यादव ASIM सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।









प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.08.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 35 अदद क्वार्टर देशी शराब अवैध के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री उमेश चन्द्र क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.08.2023 को श्री प्रवीण कुमार सिंह, थानाध्यक्ष श्रीनगर द्वारा गठित की गयी उ0नि0 यूटी विकास धर दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त आशाराम कुशवाहा पुत्र मुन्नीलाल कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को यात्री प्रतीक्षालय बरा स्टैण्ड वहद ग्राम बरा श्रीनगर से हिरासत में लिया, अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में 35 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज की बरामदगी करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया व बरामद नाजायज शराब के आधार पर अभि0 के विरूद्ध थाना श्रीनगर में मु.अ.स. 165/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–**

1. उ0नि0 यूटी विकास धर दुबे 2. का0 विवेक कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

आशाराम कुशवाहा पुत्र मुन्नीलाल कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**बरामदगी** –35 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.08.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**"नारी के जीवन को न समझो बेकार असल में समाज का यही है आधार!"**

**"नारी शक्ति से ही बनेगा मजबूत समाज, जब होगा स्त्री का हर घर सम्मान, तभी बनेगा हमारा भारत महान"।**

◆कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु "शक्ति दीदी" के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु प्रत्येक माह चलाया जा रहा विशेष अभियान

◆समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण...

◆महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त...

◆सभी का उद्देश्य जनकल्याण व मानव समाज की सेवा करना...

◆शासन-प्रशासन महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान व उनके उत्थान व सशक्तिकरण हेतु है प्रतिबद्ध...

उ0प्र0 पुलिस एवं उ0प्र0 शासन द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 25.08.2023 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु गांव-गांव/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि स्थनों पर चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, शक्ति दीदी, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुये जागरुकता पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया जा रहा है।












